# एशिया महाद्वीप-02

1. **निम्नलिखित में से कृषि की कौन-सी पद्धतियाँ एशिया महाद्वीप में प्रचलित हैं?**
**1.स्थानांतरी कृषि पद्धति**
**2.सघन कृषि पद्धति**
**3.विस्तृत कृषि पद्धति**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b)केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d)1, 2 और 3

2. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I (एशिया महाद्वीप की प्रमुख फसल) | | सूची-II (उपयुक्त जलवायु) | |
|---|---|---|---|
| A | चावल | 1 | उपोष्ण और शीतोष्ण जलवायु |
| B | गेहूँ | 2 | उष्ण और आर्द्र जलवायु |
| C | कपास | 3 | शुष्क जलवायु |
| D | ज्वार | 4 | अर्द्धशुष्क जलवायु |

**कूट:-**
(a) **A**-1,**B**-2,**C**-3,**D**-4
(b) **A**-1,**B**-2,**C**-4,**D**-3
(c) **A**-2,**B**-1,**C**-4,**D**-3
(d) **A**-2,**B**-1,**C**-3,**D**-4

3. **निम्नलिखित में से कौन-से वन एशिया महाद्वीप में मिलते हैं?**
**1.शीतोष्ण कटिबंधीय कोणधारी वन**
**2.मानसूनी वन**
**3.विषुवतीय वन**
**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1 और 2
(b)केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d)1, 2 और 3

4. **एशिया के खनिज संसाधनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
**1.अभ्रक और बॉक्साइट मुख्यत: भारत में पाए जाते है।**
**2.टिन मुख्यत: मलेशिया में पाया जाता है।**
**3. मध्य, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण एशिया के देशों में खनिज, तेल और प्राकृतिक गैस के भंडार हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b)केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d)1, 2 और 3

5. **निम्नलिखित में से किनकी अवस्थिति पाकिस्तान में है?**
(a) किरथर पर्वत श्रेणी
(b)पोटवार का पठार
(c) बोलन दर्रा
(d)उपर्युक्त सभी

6. **सिंधु नदी की सहायक नदियों के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए-**
**1. चेनाब　　2. रावी**
**3. सतलुज　　4. काबुल**
**उपर्युक्त में से कौन-सी नदियाँ पाकिस्तान में पूर्व से आकर मिलती हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b)केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d)1, 2, 3 और 4

7. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.पाकिस्तान में वर्षा की मात्रा दक्षिण की उत्तर की ओर कम होती जाती है।**
**2.पाकिस्तान के उत्तरी भाग में स्टैपी प्रकार की वनस्पतियाँ पाई जाती हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/ से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b)केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d)न तो 1 और न ही 2

8. **पाकिस्तान का 'मिथाल क्षेत्र' निम्नलिखित में से किसके लिये प्रसिद्ध है?**
(a) खनिज तेल
(b)प्राकृतिक गैस
(c) अणुशक्ति केंद्र
(d)लौह अयस्क


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**9. पाकिस्तान के शहरों के संदर्भ में निम्नलिखित में से उत्तर से दक्षिण कौन-सा क्रम सही है?**
(a) कराची-लाहौर-मुल्तान-इस्लामाबाद
(b) कराची-मुल्तान-लाहौर-इस्लामाबाद
(c) इस्लामाबाद-लाहौर-मुल्तान-कराची
(d) इस्लामाबाद-मुल्तान-लाहौर-कराची

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.अक्षांशीय आधार पर नेपाल का विस्तार केवल उत्तरी गोलार्द्ध तक सीमित है।**
**2.देशांतरीय आधार पर नेपाल का विस्तार पूर्वी एवं पश्चिमी दोनों गोलार्द्धों में है।**
**3.नेपाल के निम्न उच्चावच वाली भूमि को 'तराई' कहते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. माउंट एवरेस्ट संसार का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है।**
**2. माउंट एवरेस्ट मध्य हिमालय में स्थित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?**
(a) नेपाल में खनिज संसाधनों की बहुलता है।
(b) कृषि नेपाल की एक महत्त्वपूर्ण आर्थिक क्रिया है।
(c) नेपाल में औद्योगिक विकास बहुत धीमी गति से हुआ है।
(d) पर्यटन नेपाल का सबसे महत्त्वपूर्ण उद्योग है।

**13. भूटान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. भूटान पूर्वी हिमालय में एक छोटा-सा स्थल अवरुद्ध देश है।**
**2. दक्षिण, पश्चिम और पूर्व में यह भारत से घिरा हुआ है।**
**3. उत्तर और उत्तर-पश्चिम की ओर इसकी सीमाएँ तिब्बत से मिलती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**14. कुलाकांगड़ी पर्वत शिखर निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?**
(a) भारत
(b) श्रीलंका
(c) नेपाल
(d) भूटान

**15. भूटान की सीमा भारत के किन-किन राज्यों से मिलती है?**
**1. सिक्किम 2. पश्चिम बंगाल**
**3. असम 4. अरुणाचल प्रदेश**
**कूट:-**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**16. निम्नलिखित में से कौन-सी भूटान की प्रमुख नदियाँ हैं?**
**1. मानस 2.वांगचू**
**3.टोग्सा 4. तीस्ता**
**कूट:-**
(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**17. चूखा जलविद्युत परियोजना किस देश में स्थित है?**
(a) नेपाल
(b) म्यांमार
(c) भूटान
(d) बांग्लादेश

**18. भूटान के कृषि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. भूटान में कृषि योग्य भूमि बहुत सीमित है।**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**2. यहाँ की कृषि निर्वाह प्रकृति की है।**
**3. भूटान में अधिकांश कृषि भूमि का स्वामित्व स्त्रियों के पास है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**19. म्यांमार की सीमा भारत के किन-किन राज्यों को स्पर्श करती है?**
**1.असम 2.मेघालय**
**3.त्रिपुरा 4.मिज़ोरम**
**5. मणिपुर**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1, 4 और 5
(b) केवल 4 और 5
(c) केवल 3, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**20. निम्नलिखित युग्म पर विचार कीजिए-**
**1. चिन पर्वत 2. अराकान योमा पर्वत**
**3. शान पठार 4. कायिन्नी पठार**
**उपर्युक्त में से कौन-से पर्वत/पठार म्यांमार में स्थित है?**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**21. निम्नलिखित में से कौन-सी म्यांमार की प्रमुख नदियाँ है?**
**1. इरावदी 2.चिदविन**
**3.सिलांग 4.सालविन**
**कूट**
(a) केवल 1 और 4
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**22. म्यांमार का प्रमुख नगर 'मांडले' निम्नलिखित में से किस नदी के किनारे स्थित है?**
(a) इरावदी
(b) सालविन
(c) सिलांग
(d) चिदंविन

**23. म्यांमार के प्रमुख नगर यांगून (रंगून) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यह एक समुद्री पत्तन नगर है।**
**2. यह नगर डेल्टा क्षेत्र में स्थित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**24. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | सूची-I (म्यांमार के प्रमुख स्थान) | | सूची-II(प्रमुख खनिज संसाधन) |
|---|---|---|---|
| A | तानिनथाराई | 1 | कोयला |
| B | मर्तबान की खाड़ी | 2 | मोती |
| C | अयारवादी घाटी | 3 | खनिज तेल |
| D | कलेवा | 4 | टिन एवं टंगस्टन |

**कूट:-**
(a) **A**-4,**B**-2,**C**-1,**D**-3
(b) **A**-4,**B**-2,**C**-3,**D**-1
(c) **A**-3,**B**-1,**C**-4,**D**-2
(d) **A**-1,**B**-2,**C**-3,**D**-4

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.म्यांमार के मध्यवर्ती भागों में सघन उष्ण कटिबंधीय मानसूनी वन पाए जाते हैं।**
**2.म्यांमार के कुल क्षेत्रफल के आधे से अधिक भाग में वन पाए जाते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**26. बांग्लादेश की सीमा भारत के किन राज्यों को स्पर्श करती है?**
**1.सिक्किम 2.मिज़ोरम**
**3.असम 4.त्रिपुरा**
**5. मेघालय**


उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**कूट:-**

(a) केवल 3, 4 और 5

(b) केवल 2, 4 और 5

(c) केवल 1, 2, 3 और 4

(d) केवल 2, 3, 4 और 5

**27. बांग्लादेश में स्थित 'कॉक्स बाजार' क्या है?**

(a) बांग्लादेश का सबसे बड़ा बाज़ार क्षेत्र

(b) बांग्लादेश का सबसे बड़ा जनजातीय क्षेत्र

(c) विश्व का सबसे बड़ा बलुई पुलिन

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28. निम्नलिखित में से कौन-सी बांग्लादेश की प्रमुख नदियाँ हैं?**

**1.सुरमा 2.कर्णफुली**

**3.मेघना 4.मानस**

**कूट:-**

(a) केवल 1, 2 और 4

(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 2, 3 और 4

(d) केवल 1, 2 और 3

**29. बांग्लादेश की जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**1. यहाँ की जलवायु उष्ण कटिबंधीय मानसूनी है।**

**2. यहाँ वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसूनी हवाओं से होती है।**

**3. यहाँ का तटीय क्षेत्र उष्ण कटिबंधीय चक्रवात से अत्यधिक प्रभावित रहता है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा बांग्लादेश का समुद्री पत्तन है?**

(a) ढाका

(b) चांदपुर

(c) बारीसाल

(d) चट्टगाँव



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213